# मैं हक से कहती हूँ | By Anisha Chandak

मैं हक़ से कहती हूँ बाबा मेरा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है
जब जब मैंने इसका नाम लिया है
लाल लंगोटे वाले ने मुझे थाम लिया है
मैं हक़ से कहती हूँ बाबा मेरा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है

कहने को तो यूँ सारे ही अपने हैं
तेरी वजह से पूरे हुए हर सपने हैं
जो कुछ है पास मेरे वो सब तो तुम्हारा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है
जब जब मैंने इसका नाम लिया है
लाल लंगोटे वाले ने मुझे थाम लिया है
मैं हक़ से कहती हूँ बाबा मेरा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है

हारे हुए को हर कोई बहलाता है
केवल तू ही उनका साथ निभाता है
जो थाम लिया तूने कभी ना वो हारा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है
जब जब मैंने इसका नाम लिया है
लाल लंगोटे वाले ने मुझे थाम लिया है
मैं हक़ से कहती हूँ बाबा मेरा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है

बाबुल जैसा मुझको तुमसे प्यार मिला
मुझको समझने वाला कोई हक़दार मिला
मेरे इस जीवन को तुम्ही ने संवारा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है
जब जब मैंने इसका नाम लिया है
लाल लंगोटे वाले ने मुझे थाम लिया है
मैं हक़ से कहती हूँ बाबा मेरा है
मुझे पग पग पे वो देता सहारा है

बजरंग बाला बजरंग बाला जाना नहीं
मुझे छोड़ के......मुझे छोड़ के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a4%95-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-by-anisha-chandak/